सुन ले ओ खाटू वाले दुनिया के है सताये

सुन ले ओ खाटू वाले दुनिया के है सताये,
सब ने रुलाया मुझको इक तू ही तो हसाये,
सुन ले ओ खाटू वाले दुनिया के है सताये,

जीवन की तकलीफो में कोई न काम आया,
समजा था जिसको भी अपना वोही देख मुस्कराया,
रिश्तो के रस्ते भी थे मुझको बंद पाये,
सुन ले ओ खाटू वाले दुनिया के है सताये,

तेरी दया से मोहन सुधरा है मेरा जीवन,
अमावस की काली रात को तूने किया है रोशन,
इस नव के चाँद तारे तुमसे ही जग मगाये,
सुन ले ओ खाटू वाले दुनिया के है सताये,

हारे हुए का तुम हो कलयुग में इक सहारा,
जिसने किया भरोसा जिसने तुझे पुकारा,
राजू सदा ही ऐसे गुण गान तेरा गाये,
सुन ले ओ खाटू वाले दुनिया के है सताये,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/9039/title/sun-le-o-khatu-vale-duniya-ke-hai-sataaye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |